# ब्लूमबर्ग आर्चिड पार्क के प्रशासन ने जब्त किए बंधक प्लॉट

## प्लॉट बेचकर किया जाएगा कॉलोनी का विकास

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रशासन ने आज बड़ी कारवाई करते हुए हातोद की ब्लूमबर्ग आर्किड पार्क कॉलोनी के बंधक प्लॉट जप्त करने आदेश दिए है. प्रशासन अब उक्त प्लॉटों को बेचकर स्मार्ट सिटी से कॉलोनी का विकास करवाएगा.**




प्रशासन ने विवादित बिल्डर प्रफुल्ल सकलेचा की ब्लूमबर्ग आर्चिड पार्क कॉलोनी के बंधक करीब 180 प्लॉट जब्त करने की कारवाई के आदेश दिए है. उक्त कॉलोनी को लेकर कई पीड़ितों ने कलेक्टर आशीष सिंह को शिकायत की थी. इसके बाद कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए. जांच में उक्त ब्लूमबर्ग अब आर्चिड पार्क कॉलोनी में विकास अनुमति 2012 में संगीता बाई एवं दीपक भोंसले के नाम से जारी कर दी गई थी. इसके बावजूद कॉलोनाइजर ने विकास नहीं किया. साथ कई प्लॉट डायरी पर बेचने और रजिस्ट्री नही करने की जानकारी सही पाई गई. कलेक्टर आशीष सिंह के आदेश पर अपर कलेक्टर गौरव बैनल ने कॉलोनी में प्लॉट खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश जारी कर दिए हैं. साथ ही कॉलोनाइजर प्रफुल सकलेचा और रामेश्वर पटेल उर्फ गुड्डा पटेल पर कारवाई करने के आदेश भी जारी किए है.

### 180 प्लॉट जब्त करने के आदेश

प्रशासन ने जांच में 2012 विकास अनुमति मिलने बावजूद 13 साल में कॉलोनी का डेवलपमेंट भी करने के चलते बंधक 180 प्लॉट जब्त करने के आदेश दिए है. उक्त प्लॉटों को प्रशासन बेचकर स्मार्ट सिटी कंपनी से विकास कार्य करवाएगा. इस दौरान बंधक प्लॉटों के अलावा अन्य प्लॉट भी को बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया है. ध्यान रहे कि प्रफुल्ल सकलेचा, रामेश्वर पटेल उर्फ गुड्डा पटेल 2021 में भी प्रशासन ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे.

> **निम्न खसरों पर काटी आर्चिड पार्क कॉलोनी**
>
> हातोद तहसील के ग्राम सोनागिर खसरे नंबर 290/2/2, 291/6/1/1/1, 291/6/1/2, 291,/6/1/3/2, 306/1, 306/2, 307, 289/2 और 299 की कुल 18 हैक्टेयर जमीन पर ब्लूमबर्ग अब आर्चीड पार्क कॉलोनी काटी गई है.

# निजी बिल्डरों को बिजली कंपनी ने बेचे ट्रांसफार्मर, खंबे और तार : सिंघार

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** इंदौर लगातार बिजली कटौती हो रही है. भाजपा सरकार 24 घंटे बिजली देने का दावा कर रही है, लेकिन बारिश के दौरान मेंटेनेंस के नाम घंटों बिजली बंद हो रही है. जनता रात रात भर बिजली नही होने से परेशान हो रही है. मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली व्यवस्था के लिए मिले ट्रांसफार्मर, खंबे और तार निजी बिल्डरों को बेच दिए है. कुछ काम बताकर करोड़ों का भुगतान कर दिया है. यह आरोप प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने लगाया है. उन्होंने बिजली कंपनी में भ्रष्टाचार का जल्द खुलासा करने की बात भी कही है.



प्रदेश में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा है कि इंदौर में बिजली कटौती से जनता परेशान है. रात-रात भर जनता को बिजली नहीं मिल रही है. जरा सी बारिश में बिजली बंद होने से मेंटेनेंस की पोल खुल रही है. इस सबका कारण है कि बिजली कंपनी ने केंद्र सरकार से मिली 1500 करोड़ की राशि में भारी भ्रष्टाचार किया है. केंद्र सरकार ने इंडिग्रेटेड पॉवर डेवलपमेंट योजना में 1 हजार करोड़ और 500 सौ करोड़ अन्य योजनाओं में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को दिए है. कंपनी के द्वारा उक्त योजना में खरीदे ट्रांसफार्मर, खंबे और तार निजी बिल्डरों को बेच दिए है. कागजों में करोड़ों के काम होना दर्शाया है, लेकिन जमीन पर कई जगह काम नहीं हुआ है. ट्रांसफार्मर, खंबे और तार कई स्थानों पर नहीं लगे है.

> **जल्द किया जाएगा खुलासा**
>
> नेता प्रतिपक्ष ने सिंघार ने कहा कि उक्त कार्यों का 100 करोड़ का काम दिखाकर भुगतान भी कर दिया गया है. उक्त मामले में भारी भ्रष्टाचार का जल्द ही खुलासा किया जाएगा.

## एक दिवसीय रोजगार मेला 20 को

**इंदौर.** जिले में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 20 जून को प्रात: 10.30 बजे से 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास) 10 पोलोग्राउन्ड इन्दौर में किया जा रहा है.

उप संचालक रोजगार पी.एस. मंडलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा लगभग 200 से अधिक युवाओं को विभिन्न पदों पर नौकरी दी जायेगी. रिक्त पदों में एच.आर., सेल्स एविजकिटीव, टेलीकॉलर, ऑपरेटर, टेक्नीशियन, सैल्स, टीम लीडर, बैंक ऑफिस आदि के पद शामिल है. चयनित युवाओं को आकर्षक वेतन मिलेगा. कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदको के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे.

# टीपीएस योजनाओं में 11 सौ करोड़ से आईडीए करेगा विद्युत कार्य

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर विकास प्राधिकरण टीपीएस योजनाओं में 11 सौ करोड़ की लागत से विद्युत कार्य करवाएगा. इसमें अंडर ग्राउंड लाइन डालने और इंटेलिजेंस स्ट्रीट लाइट लगाने का काम विशेष तौर पर होगा. इसके अलावा सभी 7 योजनाओं में आईडीए अलग अलग ग्रिड के सब स्टेशन का निर्माण करेगा.**

आईडीए टीपीएस योजनाओं में बिजली व्यवस्था करने के लिए 1100 करोड़ रुपए खर्च करेगा. इसके तहत सभी 7 टीपीएस योजनाओं में 1100, 400, 220, 132 और 33 केवी विद्युत ग्रिड स्थापित करेगा. साथ ही 33 और 11 केवी विद्युत आपूर्ति लाइन भी डालेगा. सभी लाइन अंडर ग्राउंड डाल जाएगी.

आईडीए विशेष तौर पर आधुनिक तकनीक की इंटेलिजेंट सिस्टम से लैस स्ट्रीट लाइट लगाने का काम करेगा. उक्त जानकारी आईडीए के सीईओ रामप्रकाश अहिरवार दी है. उन्होंने बताया केके टीपीएस योजनाओं में स्काडा सिस्टम में कार्य होगा, जो भविष्य में विद्युत वितरण कार्य आसान करेगा.

## एक नजर में

### अमजेन पर एसी और रेफ्रिजरेटर पर डील्स

इंदौर. अमेजन.इन पर इस मौसम में गर्मी से जुड़े सामानों की विस्तृत रेंज के साथ ठंडक भरे माहौल में सुकून के साथ रहें. हाई-परफॉर्मेंस एसी और बिजली-बचाने वाले रेफ्रिजरेटर से लेकर, यहां आप कैरियर, गोदरेज, हायर, सैमसंग जैसे टॉप ब्रांड्स के बेहतरीन प्रोडक्ट्स की खरीदारी कर सकते हैं।ग्राहक 20,000 रुपये तक का इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, 3,000 रुपये तक का कूपन डिस्काउंट और एचडीएफसी, एक्सिस, येस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल, एचएसबीसी और फेडरल बैंक क्रेडिट कार्ड ईआएआई ट्रांजेक्शन पर 18 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं.

### आईकू ज़ेड10 लाइट 18 जून को होगा लॉन्च

इंदौर. हाई-परफॉर्मेंसस्मार्टफोन ब्रांड आईकू, 18 जून को अपना नया फ़ोनआईकू ज़ेड10 लाइट 5जीलॉन्च करने जा रहा है. आईकू ज़ेड10 लाइट आपके रोज़मर्रा के कामों को आसानी से संभाल सकता है—चाहे वह ऑनलाइन क्लासअटेंड करना हो, दोस्तों और परिवार से जुड़े रहना, वीडियो देखना, रील्स स्क्रॉलकरना, चलते-फिरते गेम खेलना या फिर एक साथ कई ऐप्स का इस्तेमाल करना. इसमें मिलती है लंबे समय तक चलने वाली बैटरी और तेज़ 5जी कनेक्टिविटी, ताकि आप दिनभर बिना किसी रुकावट के पढ़ाई और एंटरटेनमेंट का मज़ा ले सकें. इसमें हैमीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर—जो कि बेहदपावर-एफिशिएंट 6एनएम चिपसेटऔरअपग्रेडेड ऑक्टा-कोर आर्किटेक्चरके साथ आता है. इस डिवाइस में 50एमपी का सोनी एआई मेन कैमराहै, साथ में 2एमपी का सेकेंडरी लेंस भी दिया गया है जो बैकग्राउंड को ब्लर करने के लिए काम आता है.

### स्टेबल मनी ने 173 करोड़ रुपए जुटाए

इंदौर. भारत का पहला डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश प्लेटफॉर्म स्टेबल मनी ने अपने सीरीज़ बी फंडिंग राउंड में 173 करोड़ रुपए जुटाए हैं. इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व फंडामेंटम पार्टनरशिप ने किया, जिसकी स्थापना इन्फोसिस के सह-संस्थापक और आधार के निर्माता नंदन नीलकेणी ने की है।आदित्य बिड़ला वेंचर्स ने भी भाग लिया, वहीं मौजूदा निवेशकों जेड47, आरटीपी ग्लोबल और लाइटस्पीड ने भी दोबारा निवेश करते हुए कंपनी में अपना विश्वास दोहराया. यह फंडिंग स्टेबल मनी की बड़ी सीरीज़ ए राउंड के महज दस महीने बाद आई है, जो इसके तेज़ विकास और निवेशकों के भरोसे को दर्शाती है. स्टेबल मनी विभिन्न फिक्स्ड इनकम निवेश विकल्प उपलब्ध कराता है—जैसे कि 9.1त्न तक ब्याज देने वाली फिक्स्ड डिपॉजिट्स, एफडी-समर्थित सुरक्षित क्रेडिट कार्ड, और स्टेबल बॉन्ड्स.

### ओला ने देवास में रोडस्टर एक्स की डिलीवरी शुरू की

इंदौर. ओला इलेक्ट्रिक ने देवास में अपनी रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिलों की डिलीवरी शुरू कर दी है. कंपनी ने अपने राइड द फ्यूचर अभियान के तहत पहले 5,000 ग्राहकों के लिए 10,000 रुपए मूल्य के ऑफर की भी घोषणा की. इन्हें एक्सटेंडेड वॉरंटी, मूवओएस+ और आवश्यक देखभाल फ्री में मिलेगी. ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और एमडी, भाविश अग्रवाल ने कहा, स्कूटर तो बस शुरुआत थी. रोडस्टर एक्स, मोटरसाइकिलिंग सेगमेंट में हमारे प्रवेश को चिह्नित करने वाली एक साहसिक छलांग है. रोडस्टर एक्स को भारत में एक ऐसी पीढ़ी के लिए डिज़ाइन, इंजीनियर और निर्मित किया गया है, जो भविष्य की बाइक चलाना चाहते हैं.

### सोडेक्सो, मेदांता की साझेदारी से न्यूट्रिशन-फोक्स्ड फूड सर्विस

इंदौर. अंतरराष्ट्रीय कंपनी सोडेक्सो ने मेदांता हॉस्पिटल के साथ साझेदारी की है. इस समझौते के तहत सोडेक्सो द्वारा अस्पताल के इन-पेशेंट मील्स, विज़िटर्स डाइनिंग स्पेस, हेल्थ चेकअप लाउंज और मोबाइल फूड कार्ट जैसी सभी खानपान सेवाओं का संचालन किया जाएगा. सोडेक्सो इंडिया के हेल्थ एंड केयर सेगमेंट के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर शरद मिश्रा ने बताया कि हम यहाँ सिर्फ़ खाना नहीं परोसते बल्कि ऐसा पोषणयुक्त भोजन तैयार करते हैं, जो मरीज़ों की रिकवरी में मदद करता है. मेदांता हॉस्पिटल, इंदौर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजय गीद ने कहा कि सोडेक्सो की विशेषज्ञता से हमारे मरीज़ों को स्वादिष्ट और पूरी तरह से स्वास्थ्य ज़रूरतों के अनुसार तैयार किया गया भोजन उपलब्ध होगा. इससे मरीज़ों की रिकवरी भी तेज़ होगी और अस्पताल में उनका अनुभव भी सुखद रहेगा.




# सिकल सेल दिवस 19 को, सात दिन विशेष जागरूकता कार्यक्रम होंगे

## 20 जून तक चलेगा विशेष अभियान

**इंदौर. विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को मनाया जाएगा। इसके उपलक्ष्य में सांसद सेवा प्रकल्प एवं एडवांस्ड होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च एवं वेलफेयर सोसायटी, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय सिकल सेल जागरूकता अभियान इंदौर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा.**

स्वस्थ जीवन की ओर एक जागरूक पहल की थीम शुरू हुआ यह अभियान 13 से 20 जून तक चलेगा. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को सिकल सेल जैसे घातक अनुवांशिक रोग के प्रति आमजन को सजग करना और इसकी रोकथाम के प्रति समाज में लोगों को जागरूक करना है. सात दिवसीय अभियान सांसद शंकर लालवानी और होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. ए. के. द्विवेदी के नेतृत्व में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विविध जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित किया जाएगा. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क रक्त जांच शिविर लगाए जाएंगे. साथ ही हिमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफोरेसिस टेस्ट का महत्व बताकर आमजन में जनजागरूकता लाई जाएगी. साथ ही नुक्कड़ नाटक, पेप्पलेट एवं बुकलेट का वितरण, पोस्टर प्रदर्शनी और संवादात्मक सत्र भी किए जाएंगे.

### क्या है सिकल सेल रोग

डॉ. द्विवेदी ने बताया कि सिकल सेल रोग एक अनुवांशिक रक्त विकार है. जिसमें रक्त की लाल कोशिकाएं अर्द्धचंद्राकार हो जाती है और शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित हो जाती है. इससे मरीज को थकान, तेज दर्द, रक्ताल्पता, हड्डियों की समस्याएं और अंग विकृति हो सकती है. यह स्थिति कभी-कभी जानलेवा भी हो सकती है. इसलिए इस बीमारी को यदि समय रहते पहचाना जाए और सही जानकारी हो तो हम इसे अगली पीढ़ियों तक फैलने से रोक सकते हैं.हमारा प्रयास है कि हम इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम पूरे वर्ष भर आयोजित करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश करें.

> **यह अभियान एक स्वास्थ्य चेतना की नई शुरुआत होगा**
>
> सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एनीमिया मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए सिकल सेल जागरूकता अभियान इंदौर में जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा. यह अभियान एक स्वास्थ्य चेतना की नई शुरुआत होगा. समाज के लिए संदेश है कि विवाह से पूर्व हीमोग्लोबीन इलेक्ट्रोफोरेसिस टेस्ट अनिवार्य रूप से कराया जाना चाहिए. परिवार में यदि कोई सिकल सेल पीड़ित हो तो तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए.

